# कार्यालय

## रूमा देवी फाउंडेशन व ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान

## बाड़मेर

### रूमा देवी फाउंडेशन व ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रूमा देवी - सुगणी देवी अक्षरा छात्रवृत्ति योजना 2025-2026 में चयनित लाभार्थियों की सूची

नोट : इस बार यह कार्यक्रम दो चरणों में हो रहा है।

1. प्रथम चरण : 10 अगस्त 2025 को जोधपुर के S N मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। (क्रमांक 1 से 23 तक)
2. द्वितीय चरण : 12 अगस्त 2025 को राजस्थान की विधान सभा के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर में आयोजित किया जाएगा। (क्रमांक 24 से 42 तक)

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केसरी | महिला | स्व. पुरखा राम | नेतराड़ , चौहटन, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आपके पति और पिता के असमय निधन के बाद, आप अपने दो छोटे बच्चों और वृद्ध सासु माँ की अकेले जिम्मेदारी निभा रही हैं। आय का स्रोत केवल थोड़ी बहुत खेती है। मुश्किल हालात के बावजूद अपने हार नहीं मानी और REET Pre परीक्षा में 101 अंक प्राप्त किए। अब आप REET Mains की तैयारी के लिए ऑनलाइन क्लास लेना चाहती हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति बाधा बन रही है। आपके हौसले और संघर्ष को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपके उज्जवल भविष्य के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है। |
| 2 | प्रियंका | महिला | स्व. पूनमा राम | पोकरासर, चौहटन, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आपके पिता का निधन 2013 में एक सड़क दुर्घटना में हो गया था। आपके परिवार में चार बहनें हैं, कमाई का कोई स्थायी स्रोत नहीं है। आप फिलहाल B.A. की पढ़ाई कर रही हैं और आगे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहती हैं, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। कठिन परिस्थितियों में भी आपका हौसला बना रहा।आपके जज़्बे को समर्थन देने के लिए अक्षरा छात्रवृत्ति के तहत आपका चयन किया गया है। संस्थान आपकी शिक्षा यात्रा में मजबूती से साथ खड़ा है। |

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | निर्मला कुमारी | महिला | स्व. रामा राम | खरंटिया, बालोतरा | शिक्षा | जोधपुर | गुजरात में मजदूरी के दौरान आपके पिता जी का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया था। तब से परिवार की जिम्मेदारी पूरी तरह आप पर आ गई है। घर में कोई कमाने वाला नहीं है और आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। आप अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती हैं, लेकिन संसाधनों की कमी आपकी राह रोक रही है। आपके संकल्प और परिस्थितियों को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपके आत्मविश्वास और सपनों के साथ मजबूती से खड़ा है। |
| 4 | गायत्री | महिला | राजू सिंह | मातासर, बाड़मेर ग्रामीण, बाड़मेर | खेल | जोधपुर | आप रग्बी फुटबॉल की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं और राज्य स्तर पर 9वीं रैंक हासिल कर चुकी हैं। लेकिन पिता जी की रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन और छोटे भाई की लगातार बीमारी के चलते परिवार आर्थिक रूप से जूझ रहा है। इतनी कठिनाइयों के बावजूद भी आपका सपना है भारत के लिए खेलना। आपके जज़्बे और खेल के प्रति समर्पण को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपके हर सपने में भरोसे के साथ खड़ा है। |
| 5 | मुकेश कुमार | पुरुष | स्व. भगा राम | मीठी बेरी, धोरीमन्ना, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | पाँच वर्ष की आयु में पिता जी को खो देने के बाद से आपका पूरा परिवार माँ की पेंशन पर निर्भर है। तीनों भाई बहिन पढ़ाई कर रहे हैं और सीमित आमदनी में आगे की शिक्षा जारी रखना बेहद कठिन है। 12वीं में 88% अंक हासिल करने के बाद अब आप वेटेनरी का कोर्स कर रहे हैं और भविष्य में पशुधन निरीक्षक बनना चाहते हैं। आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए आपका चयन अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए किया गया है। संस्थान आपके लक्ष्य को साकार करने के इस सफर में साथ निभा रहा है। |
| 6 | नयनसी | महिला | हनुमान राम | लोहारवा , धोरीमन्ना, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आपके परिवार में कुल 9 संतानें हैं, जिनमें आप सात बहनों में से एक हैं। आर्थिक संसाधन सीमित हैं, लेकिन पढ़ाई के प्रति आपकी लगन हमेशा मजबूत रही है। सरकारी विद्यालय से पढ़ाई करते हुए आपने 10वीं में 75% और 12वीं में 94% अंक प्राप्त किए, साथ ही विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। BSTC परीक्षा में 330 अंक अर्जित किए हैं। अब आप दिल्ली पुलिस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहती हैं। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए आपका चयन अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए किया गया है। संस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की राह में सशक्त सहयोगी बनकर साथ खड़ा है। |
| 7 | नत्थू | महिला | स्व. धर्मा राम | धारासर, चौहटन, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आपके पिता जी का निधन तब हुआ जब आप एक वर्ष की थी। आपने दिव्यांग होते हुए भी 10वीं में 92% और 12वीं में 70% अंक प्राप्त किए। वर्तमान में आप जोधपुर के जीत कॉलेज से B.Sc. नर्सिंग कर रही हैं और AIMMS से NORCI की डिग्री करने का सपना देख रही हैं। लेकिन आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि आगे की पढ़ाई मुश्किल हो गई है। ऐसे में अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपके जज़्बे को सलाम करता है और हर कदम पर आपके साथ है। |

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | प्रभु राम | पुरुष | स्व. भूरा राम | बिलासर, सिणधरी, बालोतरा | शिक्षा | जोधपुर | आप अनाथ हैं। जब आप पांच वर्ष के थे तब आपके पिता जी का निधन हो गया था और जब आप 11 वर्ष के थे तब आपकी माताजी का निधन खेत में कार्य करते समय हृदय गति रुकने की वजह से हो गया था। आप स्वयं मजदूरी करके अपनी शिक्षा जारी रख रहे हैं। आपने REET Pre में 92 अंक अर्जित किए हैं और अब Mains की तैयारी करना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक कठिनाइयाँ रास्ता रोक रही हैं। आपकी लगन और आत्मनिर्भरता को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपके संकल्प को प्रेरणा मानते हुए कठिन समय में आपके साथ खड़ा है। |
| 9 | रुखमणा राम | पुरुष | पन्ना राम | नांद, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आप स्वयं दृष्टिबाधित हैं, आपकी बहन भी दृष्टिहीन हैं। प्रारंभिक शिक्षा सरकारी विद्यालय से प्राप्त करते हुए आपनें 10वीं में 80% व 12वीं में 93% अंक अर्जित किए। CUET परीक्षा के माध्यम से आपका चयन बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में हुआ है। आपका लक्ष्य UPSC परीक्षा को फाइट करना है, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण रास्ता कठिन है। शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपकी दृष्टि से भी आगे का विश्वास बनकर साथ खड़ा है। |
| 10 | माया मेघवाल | महिला | स्व. राजा राम | नवातला, सेड़वा, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आपके पिता जी का निधन उस समय हुआ जब आप 8वीं कक्षा में थी। ऐसी विषम परिस्थितियों के बावजूद आपनें हार नहीं मानी और BSTC की डिग्री पूर्ण कर, REET Pre परीक्षा में 106 अंक अर्जित किए। अब आपका लक्ष्य शिक्षिका बनना है और REET Mains की तैयारी के लिए ऑनलाइन क्लासेज व नोट्स की आवश्यकता है। सीमित संसाधनों के बावजूद आपका जज़्बा अडिग है। ऐसे में अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपके हौसले को सलाम करते हुए, आगे की राह में साथ निभा रहा है। |
| 11 | देवा राम | पुरुष | तुलछा राम | शहर, गिड़ा, बालोतरा | शिक्षा | जोधपुर | आपके परिवार में पाँच भाई-बहन है, जिनमें से तीन बहिनें अभी पढ़ाई कर रही हैं। दो वर्ष पूर्व आपकी माता जी का कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निधन हो गया था, जिससे आपके परिवार पर गहरा असर पड़ा। कठिन हालात के बावजूद आपनें REET Pre परीक्षा में 113 अंक अर्जित किए। अब Mains की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसी परिस्थितियों में अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपकी मेहनत और हौसले को सम्मान देते हुए आगे बढ़ने में साथ निभा रहा है। |
| 12 | धूड़ी कुमारी | महिला | कुम्भा राम गोदारा | नौसर, बायतु, बालोतरा | खेल | जोधपुर | टेनिस बॉल क्रिकेट में आपने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। आपने राज्य स्तर पर दो बार खेल कर क्रमशः तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। आपको वर्ष 2023–24 में अंडर-23 सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी तथा 2022–23 में RCA टीम के साथ ट्रॉफी जीतने का गौरव प्राप्त हुआ। आपका लक्ष्य अंडर-23 राजस्थान क्रिकेट टीम में स्थान बनाना है। अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन इस विश्वास के साथ किया गया है कि आपकी लगन एवं प्रतिभा निकट भविष्य में प्रदेश और देश का गौरव अवश्य बढ़ाएगी। |

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | घमण्डा राम | पुरुष | स्व. जोगा राम | तारातरा, चौहटन बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आप एक अनाथ विद्यार्थी हैं और अत्यंत विषम परिस्थितियों के बावजूद हाल ही में B.A. की शिक्षा पूर्ण की है। परिवार की आर्थिक स्थिति दुर्बल होने के कारण आप स्वयं मजदूरी कर अपनी पढ़ाई का भार उठा रहे हैं। आपके होसलें को संस्थान सैल्युट करता है। वर्तमान में आप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं तथा PTET एवं SSC-GD जैसी परीक्षाओं में सम्मिलित हो चुके हैं। आपकी शिक्षा के प्रति निष्ठा एवं निरंतर प्रयासों को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आर्थिक बाधाएँ आपके सपनों के मार्ग में अवरोध न बन सकें। |
| 14 | ममता मेघवाल | महिला | गुमना राम | वाँकलपुर, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आपके पिताजी कमठा मजदूरी का कार्य करते हैं। परिवार में पाँच बहनें और दो छोटे भाई हैं,इतनी कठिन परिस्थितियों के बीच घर चलाना कठिन होता है। ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी आपकी शिक्षा के प्रति लगन कबीले तारीफ़ है। वर्तमान में आप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं, किंतु आर्थिक रूप से यह संभव नहीं हो पा रहा था। आपकी परिस्थितियों और शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी मेहनत और प्रतिभा को सही दिशा और सहारा मिल सके। |
| 15 | पूजा शर्मा | महिला | स्व. किशना राम शर्मा | नहरों का वास, गुड़ामालानी, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | वर्ष 2022 में आपके पिताजी का निधन हृदय गति रुकने के कारण हो गया था। परिवार में चार बहनें और एक भाई हैं, जिनमें सभी बहनें अध्ययनरत हैं। भाई श्वास संबंधी बीमारी से ग्रसित रहता है, और परिवार में कोई स्थायी आय का स्रोत नहीं है। आपने चार वर्षीय BA-B.Ed. पाठ्यक्रम इस वर्ष पूर्ण किया है तथा REET Pre परीक्षा में 90 अंक प्राप्त किए हैं। आपका लक्ष्य एक योग्य शिक्षिका बनना है। आपकी आर्थिक स्थिति और शिक्षा के प्रति निष्ठा को ध्यान में रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपके सपनों को सार्थक मार्गदर्शन और संबल मिल सके। |
| 16 | लीला | महिला | स्व. चेतन राम | अक़दडा, बायतु, बालोतरा | शिक्षा | जोधपुर | जब आप एक माह की थी, तब एक सड़क दुर्घटना में आपके पिताजी का असमय निधन हो गया। आप इकलौती संतान हैं। आपकी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी विद्यालय से हुई तथा कॉलेज स्तर पर आपने सरकारी महाविद्यालय से B.Sc. पूर्ण किया। आपने PTET परीक्षा में 406 अंक प्राप्त किए हैं और भविष्य में एक समर्पित शिक्षिका बनना चाहती हैं। आपकी शिक्षा के प्रति रुचि एवं आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपके संकल्प को नई दिशा और संबल प्राप्त हो सके। आपके शिक्षा के प्रति इस ज़ुनूनियत को संस्थान सैल्युट करता है। |
| 17 | दली | महिला | स्व. चूना राम | लापला, बायतु, बालोतरा | शिक्षा | जोधपुर | आप एक अनाथ छात्रा हैं। आपके पिताजी का निधन खेत में कृषि कार्य के दौरान थ्रेशर मशीन में फँसने से हुआ, वहीं आपकी माता जी की मृत्यु घरेलू आगजननी में हो गई। अत्यंत विषम परिस्थितियों के बावजूद आप अपनी शिक्षा जारी रखना चाहती हैं, आपके इन बुलंद हौसलों को संस्थान बारम्बार प्रणाम करता है। इन परिस्थितियों को देखते हुए आपका अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए चयन किया गया है, ताकि आपका संकल्प टूटने न पाए और आपका भविष्य संवर सके। |

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | यशोदा | महिला | स्व. कांति लाल सुथार | जूनिवास समदडी बालोतरा | शिक्षा | जोधपुर | वर्ष 2023 में आपके पिताजी का असमय निधन एक सड़क दुर्घटना में हो गया। परिवार में दो छोटे भाई हैं जो गांव की सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत हैं, तथा माताजी गृहिणी हैं। वर्तमान में आप जूलॉजी विषय से M.Sc कर रही हैं और आपका लक्ष्य NET परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रोफेसर बनने का है। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद आप निरंतर आगे बढ़ रही हैं। आपकी परिस्थितियों और शिक्षा के प्रति आपके समर्पण को ध्यान में रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपके सपनों को पंख मिल सके। |
| 19 | सताराम चौधरी | पुरुष | स्व. हुकमा राम | कानोड़, गिड़ा, बालोतरा | शिक्षा | जोधपुर | वर्ष 2009 में आपके पिताजी का स्वर्गवास लंबी बीमारी के चलते हो गया था, उस समय आपकी आयु 7 वर्ष थी। आपकी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी विद्यालय से हुई है। आप तीन भाई हैं और सभी पढ़ाई कर रहे हैं। वर्तमान में आप कुचामन, नागौर से B.Ed कर रहे हैं और आपका लक्ष्य एक आदर्श शिक्षक बनना है। आपकी परिस्थितियों और शिक्षा के प्रति आपकी निष्ठा को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी राह सहज और संबलित हो सके। |
| 20 | अनीता गोदारा | महिला | गोमा राम जी | रामसर का कुआ, बाड़मेर ग्रामीण, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आपकी माताजी का देहांत हो चुका है। आपके पिताजी दिव्यांग है। आपके परिवार का गुज़ारा करना अत्यंत कठिन है। ऐसे हालात में भी आपने REET Pre परीक्षा में 103 अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है, ये कबीले तारीफ़ है। आगे की तैयारी हेतु आपको मदद की आवश्यकता है अतः अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपका संकल्प मजबूत बना रहे। |
| 21 | गोदावरी | महिला | चेतन राम | जूनापत्रासर, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आपके परिवार में छह बहनें और एक छोटा भाई हैं। पिताजी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आपकी एक बहन गत वर्ष अक्षरा छात्रवृत्ति की लाभार्थी रही हैं और वर्तमान में UPSC की तैयारी कर रही हैं। आपने सरकारी डाइट कॉलेज, जैसलमेर से BSTC पूर्ण की है तथा 96 अंकों के साथ REET Pre पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की है। वर्तमान में आप REET Main परीक्षा की तैयारी करना चाहती हैं, किंतु आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। शिक्षा के प्रति आपके समर्पण को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी लगन को निरंतरता और दिशा मिल सके। |
| 22 | मंजू | महिला | स्व. हरखा राम | रामसर कुआ, बाड़मेर ग्रामीण, बाड़मेर | शिक्षा | जोधपुर | आपका सपना एक कुशल डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। आपके पिताजी का निधन कुछ वर्ष पूर्व हो गया था तथा माताजी गृहिणी हैं। आप दो बहनें हैं और दोनों ही शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। आपके भाई नहीं है। आप अक्षरा छात्रवृत्ति की पूर्व में भी लाभार्थी रही हैं, इस मदद से आपने विज्ञान वर्ग से पढ़ाई पूर्ण की। वर्तमान में NEET की तैयारी के लिए पुनः आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। आपकी परिस्थिति और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए संस्थान द्वारा इस वर्ष भी अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी शिक्षा में कोई बाधा न आए और आपका सपना साकार हो सके। |

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | मुस्कान | महिला | इमरान | मदेरणा कॉलोनी, जोधपुर | मेडिकल | जोधपुर | आपने NEET परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 7342वीं तथा ओबीसी श्रेणी में 2992वीं रैंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। आपके पिताजी टायर पंचर की छोटी सी दुकान के माध्यम से परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही पूर्ण की है और NEET की तैयारी स्वाध्याय करते हुए तीसरे प्रयास में उतीर्ण की । आपकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि, निरंतर प्रयास और प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए अक्षरा स्कॉलर्स अवॉर्ड के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी इस यात्रा को आवश्यक प्रोत्साहन और सहयोग मिल सके। |
| 24 | धापू | महिला | भीमा राम | नहरों की नाड़ी, धनाऊ, बाड़मेर | शिक्षा | जयपुर | आपके पिता जी की आमदनी बेहद कम है, इतनी कम आम दनी से आपकी पढ़ाई का खर्च नहीं उठा सकते। आपने REET Pre परीक्षा में 122 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अब आप REET Mains की तैयारी करना चाहती हैं, लेकिन सीमित आर्थिक संसाधन आपके रास्ते की सबसे बड़ी चुनौती बन रहे हैं। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपकी शिक्षा के सफर में आपके साथ है। |
| 25 | भरत कुमार दर्जी | पुरुष | तेजा राम | धोरीमन्ना, बाड़मेर | शिक्षा | जयपुर | वर्तमान में आप भारत के प्रतिष्ठित संस्थान IIMC के रीजनल सेंटर जम्मू से पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहे हैं। इस संस्थान में इस वर्ष बाड़मेर जैसे सुदूर रेगिस्तानी इलाके से चयनित होने वाले आप एकमात्र विद्यार्थी हैं। हाल ही में आपने JIM विश्वविद्यालय दिल्ली के पत्रकारिता के एंट्रेंस एग्जाम को क्लियर किया है। इस एग्जाम के लिए पूरे भारतवर्ष से 40 सीटों के लिए चयन किया जाता है जिसमें से एक चयन आपका होना एक बड़ी उपलब्धि है। आपके पिता जी सिलाई का कार्य करते हैं, इस कार्य से होने वाली आमदनी बेहद कम है।जिससे आपकी कॉलेज और हॉस्टल की महंगी फीस भर पाना संभव नहीं है। शिक्षा के प्रति आपकी लगन और उपलब्धियों को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपके हौसले को सैल्युट करता है और हर कदम पर आपके साथ है। |
| 26 | खरता राम | पुरुष | भेरा राम | पूनियों का तला, गिड़ा, बालोतरा | खेल | जयपुर | आपनें साइकिलिंग रेस में राष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता है।आपकी यह उपलब्धि खेल से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणादायी है। अब तक 8 बार राज्य स्तर पर भाग ले चुके हैं। परिवार के सभी भाई-बहन पढ़ाई कर रहे हैं। आप देश का नाम रोशन करने का सपना लिए निरंतर प्रयासरत हैं। खेल के प्रति आपके समर्पण को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है। संस्थान आपके जुनून और लक्ष्य के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। |
| 27 | रवीना | महिला | ओम प्रकाश | बायतु भीमजी, बायतु, बालोतरा | शिक्षा | जयपुर | आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी विद्यालय से प्राप्त की है। 10वीं में 96% एवं 12वीं में 94% अंक अर्जित कर शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण प्रस्तुत किया। आपके पिताजी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वर्तमान में आप RAS की कोचिंग करना चाहती हैं, किंतु कोचिंग की उच्च फीस आपके लिए वहन कर पाना संभव नहीं है। आपकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि और प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपके लक्ष्य की राह सुगम हो सके और आपकी प्रतिभा को पूर्ण रूप से विकसित होने का अवसर मिल सके। |

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | शांति कुमारी | महिला | अन्ना राम | खेमपुरा, बछड़ाऊ, चौहटन, बाड़मेर | शिक्षा | जयपुर | आपने NDA परीक्षा उत्तीर्ण की है, किंतु फिजिकल परीक्षण में सफल नहीं हो पायी। लेकिन इस एक असफलता से आपके हौसले डगमगाए नहीं और आपनें इसके आगे भी देश के प्रति निष्ठा व सेवा करने की लगन को छोड़ा नहीं। वर्तमान में आप SSC CGL परीक्षा की तैयारी कर रही हैं, परंतु कोचिंग व हॉस्टल शुल्क वहन कर पाना आपके लिए संभव नहीं है। अतः अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपका संकल्प मजबूत बना रहे और सफलता का मार्ग प्रशस्त हो। |
| 29 | प्रकाश चंद | पुरुष | ताभा राम मेघवाल | देदूसर, चौहटन, बाड़मेर | शिक्षा | जयपुर | आपके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। प्रारंभिक शिक्षा सरकारी विद्यालय से प्राप्त करने के बाद आपने बिना किसी कोचिंग के REET Pre पात्रता परीक्षा में 109 अंक अर्जित किए। आपका लक्ष्य वरिष्ठ शिक्षक बनकर समाज को ज्ञान से समृद्ध करना है, किंतु आगे की शिक्षा में आर्थिक कठिनाइयाँ बाधा बन रही हैं। शिक्षा के प्रति आपकी लगन को दृष्टिगत रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपके संकल्प को सही दिशा और सशक्त आधार मिल सके। |
| 30 | कमलेश बालाच | पुरुष | चतु राम बालाच | धनाऊ, चौहटन, बाड़मेर | खेल | जयपुर | आप क्रिकेट के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। आपने एक बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तथा RCA की ओर से तीन बार राज्य स्तर पर हिस्सा लिया है, जिसमें एक बार अंडर-16 और दो बार अंडर-19 वर्ग में शामिल हुए। आपके पिताजी वृद्ध हैं और माताजी ऐप्लिक एम्ब्रॉयडरी जैसे हस्तशिल्पी कार्य के माध्यम से परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद आपका समर्पण और प्रयास उल्लेखनीय है। खेल के प्रति गहरी लगन को ध्यान में रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी प्रतिभा को आगे बढ़ने का पूर्ण अवसर मिल सके। |
| 31 | दरिया | महिला | शेरा राम लीलावत | उण्डू, शिव, बाड़मेर | कला (हस्तकला/ वीणा भजन/ हरजस ) | जयपुर | आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी विद्यालय से पूर्ण की है। परिवार में दो भाई और दो बहनें हैं। आप दोनों बहनें वीणा वादन के साथ पारंपरिक वाणी गायन की लुप्त होती शैली को संरक्षित रखने का प्रयास कर रही हैं। भक्ति और सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी इस विधा में आपकी रुचि और समर्पण सराहनीय है। आपकी कला के प्रति निष्ठा को देखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी साधना को नई दिशा और पहचान मिल सके। |
| 32 | देवी प्रभा | महिला | ओम प्रकाश आर्य | भीमतल, धोरीमन्ना, बाड़मेर | कला (हस्तकला/ वीणा भजन/ हरजस ) | जयपुर | आप शास्त्रीय गायन शैली में गहरी रुचि रखती हैं। आपकी शिक्षा संस्कृत भाषा में हुई है और वर्तमान में आप संस्कृत विषय से BSTC कर रही हैं। आपका लक्ष्य कला और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना है। परिवार में चार बहनें और एक छोटा भाई हैं, जिनमें एक बहन दिव्यांग है। आपके पिताजी भजन गायन के माध्यम से परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। आपकी आर्थिक स्थिति और शिक्षा के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी साधना और संकल्प को सशक्त आधार मिल सके। |

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | अशोक कुमार | पुरुष | मोहन लाल सुथार | बेरी गांव,, गुड़ामालानी, बाड़मेर | कला | जयपुर | आप एक प्रतिभाशाली कलाकार हैं और वीणा तथा गिटार जैसे लकड़ी के वाद्य यंत्रों के निर्माण में दक्षता रखते हैं। शैक्षणिक क्षेत्र में भी आपने बॉटनी विषय में M.Sc. 80% अंकों के साथ पूर्ण की है। वर्तमान में आप NET–JRF की तैयारी कर रहे हैं और आपका लक्ष्य वैज्ञानिक बनना है। शिक्षा का खर्च स्वयं ट्यूशन पढ़ाकर वहन करने का प्रयास कर रहे हैं। आपकी कला, शिक्षा के प्रति समर्पण तथा आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी प्रतिभा को उचित दिशा और अवसर प्राप्त हो सके। |
| 34 | किशोर कुमार | पुरुष | स्व. राउ राम | साइयों का तला, बाटाडू, बाड़मेर | शिक्षा | जयपुर | आप दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज में बी.ए. ऑनर्स के द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। आपके पिताजी का निधन कुछ वर्ष पूर्व हो गया था , वर्तमान में परिवार में कोई स्थायी आय का स्रोत नहीं है। अक्षरा छात्रवृत्ति के तहत आपको गत वर्ष भी सहायता प्रदान की गई है, और इस वर्ष भी आपकी निरंतरता एवं समर्पण को देखते हुए पुनः छात्रवृत्ति के लिए चयन किया गया है, ताकि आपकी शिक्षा निर्विघ्न रूप से जारी रह सके। |
| 35 | गेना राम | पुरुष | बदरा राम | कारटिया ,सेड़वा, बाड़मेर | शिक्षा | जयपुर | आपके परिवार में तीन भाई और पाँच बहनें हैं। वर्तमान में आप भाटीया आश्रम में रहकर अध्ययन कर रहे हैं। आपने 114 अंकों के साथ REET Pre परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। अब आप REET Main परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, किंतु आर्थिक स्थिति इसके लिए अनुकूल नहीं है। आपकी शिक्षा के प्रति निष्ठा और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अक्षरा छात्रवृत्ति के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपके प्रयासों को निरंतरता और आवश्यक सहयोग मिल सके। |
| 36 | पूनम | महिला | चंद्र प्रकाश | बायतु भीमजी, बायतु, बालोतरा | तकनीकी (IIT) | जयपुर | आपने प्रथम प्रयास में ही JEE परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑल इंडिया स्तर पर 21202वीं तथा ओबीसी श्रेणी में 5621वीं रैंक प्राप्त की। आपकी इस उपलब्धि के आधार पर आपका चयन देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान IIT कानपुर में हुआ है।आपकी यह कहानी ओरों के लिए प्रेरणादायी है। आपके पिताजी खेती एवं पशुपालन के माध्यम से परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आपका चयन अक्षरा स्कॉलर्स अवॉर्ड के लिए किया गया है, आपकी दृढ़ शक्ति के साथ संस्थान सदा खड़ा। |
| 37 | धन्नी | महिला | गेना राम | लुनाडा, बाटाडू, बाड़मेर | मेडिकल | जयपुर | आपने NEET परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 1766वीं तथा ओबीसी श्रेणी में 577वीं रैंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आपकी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी विद्यालय से हुई है, जिसमें आपने 10वीं में 97% और 12वीं में 94% अंक अर्जित किए। आपके पिताजी ट्रक चालक हैं, जिनकी आय निम्न है जिससे NEET की तैयारी के लिए कोचिंगों की महंगी फीस को वहन कर पाना संभव नहीं है अतः आपने लोगों से उधार लेकर कोचिंग फीस जमा करवाई। आपकी शैक्षणिक प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ निश्चय को दृष्टिगत रखते हुए अक्षरा स्कॉलर्स अवॉर्ड के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी उपलब्धियों को प्रोत्साहन और संबल मिल सके। |

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | कनिका | महिला | प्रेम सुख | तिवरी जोधपुर | मेडिकल | जयपुर | आपने NEET परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 15727वीं तथा ओबीसी श्रेणी में 6921वीं रैंक प्राप्त की है। आपके पिताजी कृषि कार्य से आजीविका अर्जित करते हैं, जबकि माताजी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बीच आपकी प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही पूर्ण हुई। आपने द्वितीय प्रयास में घर पर स्वाध्याय के माध्यम से NEET परीक्षा उत्तीर्ण की। आपकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि, मेहनत और प्रतिभा को दृष्टिगत रखते हुए अक्षरा स्कॉलर्स अवॉर्ड के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी शैक्षणिक यात्रा को आगे बढ़ने का उचित अवसर और प्रोत्साहन मिल सके। |
| 39 | कोमल पटेल | महिला | हरीश चौधरी | गुड़ामालानी, बाड़मेर | मेडिकल | जयपुर | आपने NEET परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 7218वीं तथा ओबीसी श्रेणी में 2940वीं रैंक प्राप्त की है। आपके पिताजी और माताजी कृषि एवं पशुपालन के माध्यम से परिवार का पालन-पोषण करते हैं। परिवार में तीन बहनें हैं और तीनों ही शिक्षा में निरंतर प्रयासरत हैं। आपकी पढ़ाई के प्रति गहरी रुचि, परिश्रम और प्रतिभा को दृष्टिगत रखते हुए अक्षरा स्कॉलर्स अवॉर्ड के लिए आपका चयन किया गया है। शिक्षा के नए मुकाम हासिल करने की आपकी इस यात्रा में फाउंडेशन सदेव आपके साथ है।आपकी इस उपलब्धि पर संस्थान आपके जुनून और लगन को सैल्युट करता है। |
| 40 | मनीषा | महिला | मुकना राम | झंवर, धवा, जोधपुर | मेडिकल | जयपुर | आप सामान्य ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं, आपने NEET परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 10035वीं तथा ओबीसी श्रेणी में 4006वीं रैंक प्राप्त की है।। आपकी प्रारंभिक शिक्षा नवोदय विद्यालय से पूर्ण हुई और घर पर ही अध्ययन करते हुए तृतीय प्रयास में आपने NEET परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। आपकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि, निरंतर प्रयास और आपकी प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए अक्षरा स्कॉलर्स अवॉर्ड के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपकी शैक्षणिक यात्रा को आगे बढ़ने का उपयुक्त सहयोग प्राप्त हो सके। |
| 41 | करिश्मा | महिला | सवाई राम | गिड़ा, बालोतरा | मेडिकल | जयपुर | आपने NEET परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 2091वीं तथा ओबीसी श्रेणी में 701वीं रैंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आपकी प्रारंभिक शिक्षा नवोदय विद्यालय से पूर्ण हुई है। आप अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। पिताजी किसानी करते हैं, वहीं माताजी की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर होने के कारण वे शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद आपने घर पर अध्ययन कर यह उपलब्धि प्राप्त की है। आपकी शिक्षा के प्रति गहरी रुचि, लगन और प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए अक्षरा स्कॉलर्स अवॉर्ड के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपके उज्ज्वल भविष्य की राह और भी सशक्त हो सके। |

| क्र. सं. | नाम | लिंग | पिता का नाम | पता | छात्रवृत्ति का क्षेत्र | छात्रवृत्ति स्थान | छात्रवृत्ति पात्रता संबंधी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | भंवरी कुमारी | महिला | सिदा राम | रातड़ी भियाड बाड़मेर | मेडिकल | जयपुर | आपने NEET परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 3406वीं रैंक रही व OBC में 1247वीं रैंक प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले भी नीट जैसी कठिन परीक्षा को उतीर्ण किया है। आप अक्षरा छात्रवृत्ति 2023 की पूर्व लाभार्थी हैं। आपके पिताजी पशुपालन व खेती का कार्य करते हैं। आपके परिवार में छह बहनें और दो भाई हैं। आपके परिवार से आपका व आपके छोटे भाई का भी चयन NEET 2025 में हुआ। संस्थान द्वारा छात्रवृत्ति के सहयोग से आपने अपने साथ अपने छोटे भाई को भी NEET की तैयारी करवाई और आप दोनों ने सफलता हासिल की। आपकी यह सफलता, आपकी लगन इस बात को साबित करती है की जहाँ हुनर है - वहाँ कदर है। आपकी ये कहानी अभावों से ग्रस्त रेगिस्तान के सुदूर इलाके में पढ़ने वाले हर एक प्रतिभागियों के लिए सदियों तक मिसाल का कार्य करेगी। अतः अक्षरा स्कॉलर्स अवॉर्ड के लिए आपका चयन किया गया है, ताकि आपके सपनों को साकार होने का मार्ग और भी प्रशस्त हो सके। |

नोट : 30 प्रतिभागी प्रतीक्षा सूची में हैं इनकी सूची पृथक रूप से बनी हुई है व इनको अलग से सूचित किया जाएगा।

**प्रथम चरण** - प्रात: 10:00 बजे, दिनांक : 10 अगस्त 2025 (रविवार), स्थान - S.N. मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, शास्त्री नगर, जोधपुर।
**द्वितीय चरण** - प्रातः 10:00 बजे, दिनांक : 12 अगस्त 2025 (मंगलवार) स्थान - कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ राजस्थान, राजस्थान विधानसभा भवन, सत्य विहार, विधायक नगर, लालकोठी, जयपुर।
**तृतीय चरण** - 30 प्रतिभागी प्रतीक्षा सूची में हैं इनकी सूची पृथक रूप से बनी हुई है व इनको अलग से सूचित किया जाएगा।

**नोट**:
1. चयनित लाभार्थी के साथ माता पिता अथवा एक अन्य अभिभावक का उपस्थित होना अनिवार्य है।
2. निम्न दस्तावेज़ साथ में लाने अनिवार्य है -

(i) बैंक डायरी | (ii) राशन कार्ड | (iii) आधार कार्ड
(iv)अभिभावक का आईडी प्रूफ | (v)मार्कशीट 10वीं12वींस्नातक/स्नातकोत्तर | (vii)पेन कार्ड
(vi) खेल/कला क्षेत्र के प्रमाण पत्र | (viii)2 पासपोर्ट साइज़ फोटो

3. प्रातः 9:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अगर कोई निर्धारित समय तक अनुपस्थित रहता है तो प्रतीक्षा सूची में से चयन कर लिया जाएगा।
4. अंतिम रूप से चयनित सभी लाभार्थियों को सूचित किया जा चुका है।

Gramin Vikas Evam Chetna Sansthan Barmer

ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान, बाड़मेर